अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)

बाल शक्ति पुरस्कार

प्रश्न 1 : बाल शक्ति पुरस्कार के लिए आवेदन करने हेतु कौन पात्र है?

उत्तर : ऐसे बच्चे बाल शक्ति पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं जो भारत के नागरिक हैं तथा भारत में रहते हैं।

प्रश्न 2 : क्या कोई नागरिक इस पुरस्कार के लिए बच्चे को नामित कर सकता है?

उत्तर : भारत का कोई भी नागरिक ऐसे किसी भी बच्चे को नामित कर सकता है जिसने किसी भी एक श्रेणी अर्थात नवाचार, समाज सेवा, शैक्षिक, खेल, कला एवं संस्कृति तथा बहादुरी में उत्कृष्टता हासिल की हो।

प्रश्न 3 : क्या आवेदक बाल शक्ति पुरस्कार की सभी छः श्रेणियों में से एक से अधिक श्रेणी के लिए आवेदन कर सकता है?

उत्तर : नहीं ।

प्रश्न 4 : आयु संबंधी पात्रता क्या है ?

उत्तर : बच्चे की आयु 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम होनी चाहिए।

प्रश्न 5 : क्या कोई न्यूनतम शैक्षिक अर्हता अपेक्षित है?

उत्तर : आवेदन करने/सिफारिश करने के लिए कोई न्यूनतम शैक्षिक अर्हता अपेक्षित नहीं है।

प्रश्न 6 : यदि किसी बच्चे ने अतीत में बाल शक्ति पुरस्कार (तत्कालीन असाधारण उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय बाल पुरस्कार) प्राप्त किया है तो क्या वह बच्चा पुन: इस पुरस्कार के लिए आवेदन करने हेतु पात्र है?

उत्तर : नहीं ।

प्रश्न 7 : बाल शक्ति पुरस्कार के लिए पुरस्कार की राशि कितनी है?

उत्तर : प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, 1,00,000/ - (एक लाख) रुपये का नकद पुरस्कार, 10 हजार रुपये मूल्य का बुक वाउचर, प्रमाण पत्र तथा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

प्रश्न 8 : आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि क्या है?

उत्तर : आवेदन पूरे वर्ष स्वीकार किए जाएंगे । तथापि, 31 अगस्त तक प्राप्त किए गए आवेदनों पर विचार अगले साल जनवरी में प्रदान किए पुरस्कार के लिए किया जाएगा तथा 31 अगस्त के बाद प्राप्त आवेदकों पर विचार अगले वर्ष के लिए किया जाएगा।

प्रश्न 9 : क्या आवेदन राज्य सरकार द्वारा पृष्ठांकित होना चाहिए अथवा इसे मंत्रालय को सीधे भेजा जा सकता है?

उत्तर : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध वेब पोर्टल पर बच्चा सीधे आवेदन कर सकता है। भारत का कोई नागरिक / केंद्र सरकार / राज्य सरकार का प्राधिकारी भी इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन की सिफारिश कर सकता है।

प्रश्न 10 : पुरस्कार समारोह कब होगा?

उत्तर : ये पुरस्कार गणतंत्र दिवस सप्ताह से पहले वाले सप्ताह में दिए जाएंगे।

प्रश्न 11 : पुरस्कार कौन प्राप्त कर सकता है ?

उत्तर : पुरस्कार प्राप्तकर्ता को स्वयं लेना होगा परन्तु मरणोपरांत दिए जाने वाले पुरस्कारों को पुरस्कार विजेता के माता-पिता/अभिभावक प्राप्त कर सकते हैं।

प्रश्न 12 : क्या पुरस्कार विजेताओं तथा उनके अभिरक्षकों के लिए बोर्डिंग एवं लाजिंग की कोई सुविधा उपलब्ध है?

उत्तर : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा दिशानिर्देशों के अनुसार पुरस्कार विजेताओं तथा उनके अभिरक्षकों के लिए बोर्डिंग एवं लाजिंग की व्यवस्था की जाएगी

प्रश्न 13 : क्या पुरस्कार विजेताओं तथा उनके अभिरक्षकों को यात्रा भत्ता की कोई प्रतिपूर्ति की जाएगी?

उत्तर : बाल शक्ति पुरस्कार के पुरस्कार विजेता, उसके माता-पिता या अभिभावक (पुरस्कार विजेता को छोड़कर अधिकतम दो) द्वारा एयर इंडिया की इकॉनमी क्लास में किए गए हवाई किराया खर्च या वास्तविक खर्चों (इनमे जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति महिला एवं बाल विकास मंत्रालय करेगा।

प्रश्न 14 : क्या पुरस्कार विजेता के साथ किसी अभिरक्ष की अनुमति है?

उत्तर : दिशानिर्देशों के अनुसार, पुरस्कार विजेता के साथ दो अभिरक्षक अनुमत हैं।

बाल कल्याण पुरस्कार

प्रश्न 1 : बाल कल्याण पुरस्कार की श्रेणियाँ क्या है?

उत्तर : बाल कल्याण पुरस्कार की दो श्रेणियाँ है-

i) बाल कल्याण पुरस्कार (व्यक्तिगत)

ii) बाल कल्याण पुरस्कार (संस्थागत).

प्रश्न 2 : बाल कल्याण पुरस्कार के लिए आवेदन करने के लिए कौन पात्र है?

उत्तर : क. **व्यक्तिगत**: ये पुरस्कार ऐसे व्यक्तियों को दिए जाते है जिन्होंने कम से कम 7 वर्षो के लिए बाल विकास, बाल संरक्षण और बाल कल्याण के क्षेत्रो में बच्चो की सेवा में उत्कृस्ट योगदान दिया है तथा बच्चो के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

ख. **संस्थागत**: ये पुरस्कार ऐसी संस्थाओ को दिए जाते है जिन्होंने कम से कम १० वर्षो से बाल विकास, बाल संरक्षण और बाल कल्याण के क्षेत्रो में से किसी में बच्चो के हित में असाधारण कार्य किया है तथा बच्चो के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

प्रश्न 3 : क्या आवेदक व्यक्तिगत बाल कल्याण पुरस्कार के लिए एक से अधिक क्षेत्रो में आवेदन कर सकता है?

उत्तर : हां, आवेदक सभी तीन क्षेत्रो (यानी बाल विकास, बाल संरक्षण और बाल कल्याण) के लिए आवेदन कर सकता है।

प्रश्न 4 : आयु पात्रता क्या है ?

उत्तर : 18 वर्ष से अधिक के आवेदक व्यक्तिगत पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते है।

प्रश्न 5 : बाल कल्याण पुरस्कार के लिए पुरस्कार की राशि कितनी है?

उत्तर : बाल कल्याण पुरस्कार (व्यक्तिगत) में 1,00,000/ - (एक लाख) रूपए का नकद पुरस्कार, एक पदक, एक प्रशस्ति पत्र तथा एक प्रमाण पत्र दिया जाएगा। बाल कल्याण पुरस्कार (संस्थागत) में 5,00,000/ - (पांच लाख) रुपए का नकद पुरस्कार, एक पदक, एक प्रशस्ति पत्र तथा एक प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

प्रश्न 6 : क्या कोई न्यूनतम शैक्षिक अर्हता अपेक्षित है?

उत्तर : आवेदन करने/सिफारिश करने के लिए कोई न्यूनतम शैक्षिक अर्हता अपेक्षित नहीं है।

प्रश्न 7 : यदि किसी व्यक्तिगत/ संस्था ने अतीत में बाल कल्याण पुरस्कार प्राप्त किया है तो क्या वह व्यक्तिगत/ संस्था पुन: इस पुरस्कार के लिए आवेदन करने हेतु पात्र है?

उत्तर : नहीं । यदि किसी व्यक्तिगत/संस्था ने अतीत में बाल कल्याण पुरस्कार प्राप्त किया है तो वह व्यक्तिगत/ संस्था पुनः इस पुरस्कार के लिए आवेदन करने हेतु पात्र नहीं है ।

प्रश्न 8 : आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि क्या है?

उत्तर : आवेदन पूरे वर्ष स्वीकार किए जाएंगे । तथापि, 31 अगस्त तक प्राप्त किए गए आवेदनों पर विचार अगले साल जनवरी में प्रदान किए पुरस्कार के लिए किया जाएगा तथा 31 अगस्त के बाद प्राप्त आवेदकों पर विचार अगले वर्ष के लिए किया जाएगा।

प्रश्न 9 : क्या आवेदन राज्य सरकार द्वारा पृष्ठांकित होना चाहिए अथवा इसे मंत्रालय को सीधे भेजा जा सकता है?

उत्तर : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध वेब पोर्टल पर बच्चा सीधे आवेदन कर सकता है। भारत का कोई नागरिक / केंद्र सरकार / राज्य सरकार का प्राधिकारी भी इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन की सिफारिश कर सकता है।

प्रश्न 10 : पुरस्कार समारोह कब होगा?

उत्तर : ये पुरस्कार गणतंत्र दिवस सप्ताह से पहले वाले सप्ताह में दिए जाएंगे।

प्रश्न 11 : पुरस्कार कौन प्राप्त कर सकता है?

उत्तर : व्यक्तिगत श्रेणी मे पुरस्कार प्राप्तकर्ता को स्वयं लेना होगा। संस्थागत श्रेणी में पुरस्कार संसथान के प्रमुख द्वारा प्राप्त किया जाएगा।

प्रश्न 12 : क्या पुरस्कार विजेताओं तथा उनके अभिरक्षकों के लिए बोर्डिंग एवं लाजिंग की कोई सुविधा उपलब्ध है?

उत्तर : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा दिशानिर्देशों के अनुसार पुरस्कार विजेताओं तथा उनके अभिरक्षकों के लिए बोर्डिंग एवं लाजिंग की व्यवस्था की जाएगी।

प्रश्न 13 : क्या पुरस्कार विजेताओं तथा उनके अभिरक्षकों को यात्रा भत्ता की कोई प्रतिपूर्ति की जाएगी?

उत्तर : बाल कल्याण पुरस्कार के पुरस्कार विजेता द्वारा एयर इंडिया की इकॉनमी क्लास में किए गए हवाई किराया खर्च या वास्तविक खर्चों (इनमे जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति महिला एवं बाल विकास मंत्रालय करेगा।

प्रश्न 14 : क्या पुरस्कार विजेता के साथ किसी अभिरक्ष की अनुमति है?

उत्तर : नहीं।